प्रभात खबर

छापेमारी में गोदाम से नकली इलेक्ट्रिक सामान बरामद

काको . मुख्य बाजार के पाली मोड़ के समीप नकली इलेक्ट्रिक सामान बेचने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस और कंपनी के अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है. मामले में कंपनी के प्रतिनिधि शीतल कुमार, जो मूल रूप से महाराष्ट्र के पालघर जिले के निवासी हैं. उन्होंने बाताया कि पिछले कुछ महीनों से उन्हें काको इलाके में नकली सामान बेचे जाने की सूचना मिल रही थी. सूचना पर उन्होंने मामले का सत्यापन कर इसकी जानकारी काको थाने की पुलिस को दीजहां शुक्रवार की सुबह पुलिस ने पाली मोड़ स्थित एक गोदाम पर छापा मारा जहां गोदाम का शटर खोलने पर बड़ी मात्रा में नकली इलेक्ट्रिक सामान बरामद किया गया जिसमें प्रेस्टिज कम्पनी का 65 पीस आयरन, ऊषा इंटरनेशनल का 66 पीस आयरन तथा 30 पीस सेलिंग फैन, एंकर कम्पनी का प्लग-टॉप के 290 पीस, एंकर केबल 0.75 एमएम के 5 पीस सहित कई अन्य कम्पनी का नकली सामान बरामद करते हुए गोदाम मालिक लाल बाबू यादव पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. वहीं कम्पनी के प्रतिनिधि शीतल कुमार ने ग्राहकों से अपील की है कि वे सामान खरीदते समय उसके असली होने की जांच करें.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/jehanabad/fake-electric-goods-recovered-from-warehouse-during-raid